सूर्य कुमार रॉय
अध्यक्ष
S K Roy
Chairman

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

05.02.15

निगम के सभी अभिकर्ताओं के लिए

प्रिय साथियों,

मुझे इस पत्र के माध्यम से आपको संबोधित करने और यह सूचित करने में अपार हर्ष हो रहा है कि प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सभी लाभग्राहियों को 30,000/- रुपए की जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने की महान जिम्मेदारी हमारे निगम को सौंपी गई है।

इस एक ही पहल से हमारे निगम को अपने लक्ष्य अर्थात समाज के आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को बीमा प्रदान करने के लक्ष्य की ओर एक बहुत बड़ा कदम उठाने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह पहल, ऐसे करोड़ों करोड़ लोगों को जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने में हमारी सहायता करेगी, जिनमें अधिकांश गरीबी रेखा से नीचे हैं और बाकी हमारे देश के सुविधावंचित वर्गों से हैं। यह, हमें "प्रत्येक जेब में एक पॉलिसी" के हमारे "विज़न 2020" के कई कदम नजदीक लाएगी।

इस पहल को आप सबके द्वारा आधारमूल स्तर पर अब आगे ले जाना होगा।

"जीवन बीमा निगम टीम" के रूप में हमने एकसाथ अनेक मील पत्थर पार किए हैं। अब यह देखना हमारा गरिमापूर्ण कर्तव्य है कि पीएमजेडीवाई का कोई खाताधारक शाखा कार्यालय से असंतुष्ट न लौटे।

इस तथ्य को मद्देनज़र रखते हुए कि ऐसे अधिकांश ग्राहक गरीब और अनपढ़ हैं, मैं, आप सभी का आवाहन करता हूं कि आप जब भी इन खाताधारकों को मिलें, उचित सहायता उपलब्ध कराएं, उनके प्रश्नों का जवाब दें, दावों के निपटारन आदि में उनकी सहायता करें इत्यादि।

आपकी ओर से उठाया गया यह उत्कृष्ट कदम सारी संस्था को और विक्रय वाहिनी को जीवन बीमा मार्केट में एक उत्कृष्ट सेवा प्रदाता के रूप में अपनी जड़ें मजबूत करने में मदद करेगा। जिन लोगों को यह सेवाएं व समर्थन प्राप्त कराया जा रहा है, भाविष्य में हमारे नव व्यवसाय अर्जित करने का स्त्रोत बनेंगे।

केन्द्रीय कार्यालय, ''योगक्षेम'', पश्चिम स्कंध, जीवन बीमा मार्ग, मुंबई - 400 021.
दूरभाष (कार्या) : 022-22027060, फैक्स : 022- 22028600, ई-मेल : chairman@licindia.com

Central Office, "Yogakshema", West Wing, Jeevan Bima Marg, Mumbai - 400 021.
Tel. (O) : 022-22027060, Fax : 022- 22028600, E-mail : chairman@licindia.com

सूर्य कुमार रॉय
अध्यक्ष
S K Roy
Chairman

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

मैं, इन पीएमजेडीवाई खाताधारकों के परिवारों में अनेक उदीयमान और सफल एजेंटों, विकास अधिकारियों इत्यादि के चेहरे देखता हूं। यदि उचित सहायता और सेवाएं प्रदान की जाएं, तो वे जीवन बीमा निगम टीम का एक भाग बन सकते हैं और आप में से प्रत्येक के लिए एक "स्वर्णिम संपदा" में बदल सकते हैं।

शुभकामनाओं सहित,

(एस.के. रॉय)

केन्द्रीय कार्यालय, ''योगक्षेम'', पश्चिम स्कंध, जीवन बीमा मार्ग, मुंबई - 400 021.
दूरभाष (कार्या) : 022-22027060, फैक्स : 022- 22028600, ई-मेल : chairman@licindia.com

Central Office, "Yogakshema", West Wing, Jeevan Bima Marg, Mumbai - 400 021.
Tel. (O) : 022-22027060, Fax : 022- 22028600, E-mail : chairman@licindia.com